बिहार पुलिस मुख्यालय
(विशेष कार्य बल)
दिनांक–16.11.2024

बेगूसराय जिला का वांछित अपराधकर्मी एवं बैंक लूटेरा रोहित कुमार उर्फ महाकाल एवं उसके अन्य साथी गिरफ्तार

- दिनांक 14.11.2024 को बिहार एस0टी0एफ0 की विशेष टीम एवं बेगूसराय जिला पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में बेगूसराय जिला का कुख्यात वांछित अपराधकर्मी रोहित कुमार उर्फ महाकाल पे0 रमेश प्रसाद सिंह सा0 अजीत कॉलोनी हाजीपुर थाना हाजीपुर जिला वैशाली को बेगूसराया नगर थाना कांड संख्या 176/24 दिनांक 21.03.2024 धारा 395 भा0द0वि0 एवं 25(1–बी)ए/35 आर्म्स एक्ट में दिल्ली के स्वरूपनगर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।
- उल्लेखनीय हैं कि उक्त अपराधकर्मी के द्वारा दिनांक 21.03.2024 को बेगूसराय जिला में **HDFC BANK** लूट की घटना में शामिल था।
- उक्त अपराधकर्मी से अन्य साथियों के बारे में पूछताछ किया गया तो, लूट में संलिप्त अपराधकर्मी आकाश कुमार उर्फ नन्हकी पे0 अरविंद कुमार सिंह उर्फ निरंजन सिंह सा0 चेचर थाना विद्दुपुर जिला वैशाली के बारे में बताया गया, जिसे आज दिनांक 16.11.2024 को बेगूसराय जिला के नगर थाना क्षेत्र से छापामारी कर गिरफ्तार किया गया।
- उक्त अपरधकर्मी रोहित कुमार उर्फ महाकाल के विरूद्ध बेगूसराय एवं वैशाली जिला के विभिन्न थाना में लूट, डकैती एवं आर्म्स एक्ट सहित कई कांड दर्ज है।

STF